Roll No. ....

E–649

M. A. (Third Semester)

EXAMINATION, Dec.-Jan., 2020-21

LINGUISTICS

Paper Twelfth

(क्षेत्र प्रणाली)

Time : Three Hours] [*Maximum Marks : 80*

नोट : निर्देशानुसार सभी खण्डों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–अ प्रत्येक 1

(वस्तुनिष्ठ / बहुविकल्पीय प्रश्न)

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सही उत्तर का चयन कीजिए :

1. 'लिंग्विस्टिक ज्योग्राफी' के लिए हिन्दी शब्द है :

   (अ) भाषा भूगोल

   (ब) भाषा प्रणाली

   (स) भाषिक भूगोल

   (द) भाषाविज्ञान भूगोल

2. क्षेत्र प्रणाली और क्षेत्र सर्वेक्षण के लिए अंग्रेजी शब्द है :

(अ) फील्ड सर्वे

(ब) फील्ड मेथड एण्ड फील्ड सर्वे

(स) फील्ड सर्वे

(द) फील्ड मेथड एण्ड फील्ड टेक्नीक

3. 'लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इण्डिया' के लेखक हैं :

(अ) हॉकेट

(ब) ब्लूमफील्ड

(स) हैन्स कुरथ

(द) सर जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन

4. हीरालाल शुक्ल की पुस्तक का नाम है :

(अ) शब्द भूगोल

(ब) भाषा भूगोल

(स) भाषा सर्वेक्षण

(द) उत्तर प्रदेश की बोली भूगोल

5. बुंदेली किस उपभाषा वर्ग के अन्तर्गत आती है ?

(अ) बिहारी हिन्दी

(ब) पश्चिमी हिन्दी

(स) पूर्वी हिन्दी

(द) मध्य हिन्दी

6. निम्नलिखित में से किसे संविधान की अष्टम अनुसूची में स्थान प्राप्त है ?

(अ) मैथिली

(ब) बुंदेली

(स) छत्तीसगढ़ी

(द) मगही

7. 'शेखावाटी बोली का वर्णनात्मक अध्ययन' के लेखक हैं :

(अ) सरयू प्रसाद अग्रवाल

(ब) प्रेमचंद अग्रवाल

(स) कैलाश चन्द्र अग्रवाल

(द) रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल

8. बोली सर्वेक्षण में अध्ययन का आधार है :

(अ) पांडुलिपि के आधार पर

(ब) इंटरनेट के आधार पर

(स) किसी को क्षेत्र में भेजकर

(द) स्वयं क्षेत्र में जाकर

9. सर्वेक्षण के लिए सामग्री प्राप्त करने के लिए किसकी आवश्यकता होती है ?

(अ) सर्वेक्षक तथा सूचक

(ब) सर्वेक्षक

(स) सूचक

(द) भाषाविद्

10. जिस भाषा का अध्ययन करना है उसके लिए सर्वोत्तम सूचक कौन हो सकता है ?

(अ) एक भाषा का जानकार

(ब) मातृभाषा भाषी

(स) दो भाषाओं का ज्ञाता

(द) कई भाषाओं का ज्ञाता

11. भाषा सर्वेक्षण में प्रश्नावली निर्माण में क्रम होना चाहिए :

(अ) सूक्ष्म से स्थूल

(ब) जटिल से सरल

(स) पारिभाषिक शब्द क्रम

(द) स्थूल से सूक्ष्म

12. सूचक से प्राप्त सामग्री को अंकित करने की विधि है :

(अ) हस्तलेखन

(ब) हस्तलेखन एवं टेपरिकॉर्डिंग

(स) टेपरिकॉर्डिंग

(द) वीडियो रिकॉर्डिंग

13. हस्तलेखन में सामग्री को किस प्रकार अंकित किया जाता है ?

(अ) अन्तर्राष्ट्रीय स्वन वर्णमाला में

(ब) देवनागरी लिपि में

(स) स्वन वर्णमाला में

(द) स्वनिम वर्णमाला में

14. सर्वेक्षण से प्राप्त सामग्री को मानचित्र पर देने का आधार होता है :

(अ) सामाजिक

(ब) भौगोलिक

(स) भाषिक

(द) राजनैतिक

15. एक शब्द के उच्चारण में भिन्नता दर्शाने वाला मानचित्र कहलाता है :

(अ) स्वनिक मानचित्र

(ब) शब्दपरक मानचित्र

(स) रूपप्रक्रियात्मक मानचित्र

(द) वाक्य मानचित्र

16. 'फोकल एरिया' के लिए हिन्दी शब्द है :

(अ) अवशिष्ट क्षेत्र

(ब) भाषा क्षेत्र

(स) संक्रमण क्षेत्र

(द) केन्द्रीय क्षेत्र

17. 'समशब्द सीमारेखा' के लिए अंग्रेजी शब्द है :

(अ) आइसोलेक्सिक लाइन

(ब) आइसोटोनिक लाइन

(स) आइसोफोनिक लाइन

(द) आइसोग्लाटिक लाइन

18. जब कोई क्षेत्र दो विभिन्न केन्द्रीय क्षेत्रों के मध्य आ जाता है और वहाँ दोनों केन्द्रीय क्षेत्रों में प्रचलित रूप चलते हैं, तो वह क्षेत्र कहलाता है :

    (अ) केन्द्रीय क्षेत्र

    (ब) संक्रमण क्षेत्र

    (स) अवशिष्ट क्षेत्र

    (द) विशिष्ट क्षेत्र

19. 'आगत शब्द' के लिए अंग्रेजी शब्द है :

    (अ) लोन ब्लेन्ड

    (ब) लोन ट्रांसलेशन

    (स) बारोइंग

    (द) बारोड वर्ड

20. गढ़वाली और कुमाऊँनी का सम्बन्ध किस भाषा वर्ग से है ?

    (अ) पूर्वी हिन्दी

    (ब) पश्चिमी हिन्दी

    (स) पहाड़ी

    (द) राजस्थानी

खण्ड—ब प्रत्येक 2

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए।

1. भाषा सर्वेक्षण का उद्देश्य क्या है ?

2. भाषा भूगोल से क्या तात्पर्य है ?

3. सर्वेक्षक किसे कहते हैं ?

4. प्राथमिक स्रोत से क्या अभिप्राय है ?

5. ध्वनिप्रक्रियात्मक विश्लेषण का उदाहरण दीजिए।

6. बुंदेली पर कार्य करने वाले भाषावैज्ञानिकों के नाम लिखिए।

7. भाषिक विश्लेषण के प्रकार बताइए।

8. भाषायी कोश क्या है ?

9. सूचक से प्राप्त सामग्री को अंकित करने की विधियाँ कौन-सी हैं ?

10. प्रश्नावली से आप क्या समझते हैं ?

खण्ड—स प्रत्येक 3

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. संक्रमण क्षेत्र को स्पष्ट कीजिए।

2. अवशिष्ट क्षेत्र से क्या तात्पर्य है ?

3. सूक्ष्म और स्थूल प्रतिलेखन में क्या अन्तर है ?

4. चित्र और ग्राफ का क्या महत्व है ?

5. सर्वेक्षक की विशेषताएँ बताइये।

6. भाषिक मानचित्रावली के प्रमुख प्रकारों पर प्रकाश डालिए।

7. लोक साहित्य सम्बन्धी सर्वेक्षण में किस प्रकार की सामग्री का संकलन किया जाता है ?

8. मानचित्र निर्माण में मापनी का क्या महत्व है ?

खण्ड—द प्रत्येक 5

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों में दीजिए।

1. क्षेत्र सर्वेक्षण क्या है ? सर्वेक्षक तथा सूचक की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।
2. भाषिक मानचित्रावली की निर्माण प्रविधि का वर्णन कीजिए।
3. भाषिक विश्लेषण से आप क्या समझते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।
4. समभाषांश रेखा से क्या तात्पर्य है ? इसके विभिन्न प्रकारों पर प्रकाश डालिए।
5. ग्रियर्सन के भारत का भाषा सर्वेक्षण का मूल्यांकन कीजिए।